श्रुत पंचमी विधान

(जिनवाणी दिवस)

आचार्य श्री धरसेनाचार्य जी

प. पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के परम् आज्ञानुवृति शिष्य
निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागरजी महाराज
द्वारा प्रदत मंत्र एवं मांडना

आचार्य श्री पुष्पदंत जी

आचार्य श्री भूतबलि जी

सन्त शिरोमणि
आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज

निर्यापक श्रमण
मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज

श्रुत पंचमी मंत्र

ॐ क्ष्वीं ब्लूं स्रूं ग्लौं श्री श्रुताय नमः

-: सानिध्य :-

निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागरजी महाराज
मुनि श्री महासागरजी महाराज, मुनि श्री निष्कम्पसागरजी महाराज
क्षु. श्री गम्भीरसागरजी महाराज, क्षु. श्री धैर्यसागरजी महाराज

"NEO" Ajmer - Ph. 2422291

प्राचीन तीर्थ जीर्णोद्धारक, वास्तुविद, पुरातत्त्व - सरंक्षी, नव तीर्थ - प्रणेता, साक्षात तीर्थ-स्वरूप, ज्ञान रथ के सारथी, विद्या गौ के सुदोग्धा, श्रमण संस्कृति - सूर्य, मिथ्यात्व भञ्जक, शान्ति-धारातिशय निदर्शक, श्रावक संस्कार शिविर जनक, जिज्ञासा - समाधान - प्रतिपादक, विद्धत्कल्पतरु, विद्यार्थि-पितृकल्प, आगम के यथार्थ उपदेष्टा, वर्तमान काल के समनतभद्र, समयसार - शिक्षक, भक्त-वत्सल, महोपकारी, महान्तपोमार्तण्ड, रिद्धि - सिद्धि भक्तामर मंत्रो के निदर्शक, ज्ञानध्यान तपोरक्त, प्रखर चिन्तक, तर्क - वाचस्पति, विपथ - गामि-चक्षुरुन्मीलक, वाग्भी, मनोज्ञ, ऋषिराज,

निर्यापक श्रमण, जगत्पूज्य मुनि पुंगव
108 श्री सुधासागर जी महाराज


पूज्य मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज
पूज्य मुनि श्री 108 निष्कम्प सागर जी महाराज
पूज्य क्षुल्लक श्री 105 गम्भीरसागर जी महाराज
पूज्य क्षुल्लक श्री 105 धैर्यसागर जी महाराज

मङ्गलाष्टकम्

अर्हन्तः सुरनाथ-पूजितपदाः, सिद्धाः शिवं प्राप्तकाः,
आचार्या भविदीक्षकाः श्रुतधरा, जैना उपाध्यायकाः।
सम्यग्दर्शनबोध - वृत्तचरिताः, स्वात्मस्थिताः साधवः,
आराध्या यतिभिश्च पञ्चगुरवः, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥1॥

जैनेन्द्रोक्त - सुधर्ममोक्ष - सुखदं, दृग्बोध - चारित्रकम्,
पीयू - षौषधरूप - जैनवचनं, जन्मादि - रोगान्तकम्।
त्रैलोक्यस्थित - जैनचैत्यभवनं, जैनेन्द्र - चैत्यानि च,
जैनाराध्य-जिनादिदेव - नवकं, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥2॥

नाभेयादिजिना ऋषीन्द्रमहिता, वीरान्त - तीर्थंकराः,
श्रीयुक्तैर्भरतेश्वरादि - प्रवरैः - सच्चक्रिभिः पूजिताः।
ये विष्णु - प्रतिविष्णु-लाङ्गलधरैः, सम्पूजिता विश्रुताः,
वन्द्या इन्द्रशतैश्च भान्ति भुवने, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥3॥

ये गर्भोत्सव - जन्मपूजितजिना, दीक्षोत्सवं प्राप्तकाः,
कैवल्योत्सव-चामरादिपतयो, निर्वाणपूजां गताः।
प्राप्तानन्तगुणाश्च दोषरहिताः, पूज्याः सुरेन्द्रादिभिः,
ये कल्याणक-भाजिनो जिनवराः,कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥4॥

कैलासाच्च शिवंगतः पुरुवरः पूज्यस्तु चंपापुरात्,
श्रीनेमीश्वर ऊर्जयन्तगिरितः, पावापुरात् सन्मतिः,
सम्मेदाचलतश्च शेषजिनपाः, सिद्धिंगतास् - तीर्थपाः।
आत्मानन्दरसं पिबन्ति सततं, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥5॥

ये बुद्धयर्द्धि-बलर्द्धि-युक्तमुनयः, खेगामिनश - चारणाः,
ये दीप्तादि - तपर्द्धि - युक्तयतयः, क्षीरादि-स्त्रावीशकाः।
ये सर्वौषध-विक्रियर्द्धि सहिता, अक्षीण-वासान्नकाः,
इत्थं सर्वमहर्षयो गणधराः, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥6॥
मूलं यस्य दया महाव्रतजलैः, पुष्टा अहिंसालता,
शाखाः शीलगुणाः कलिः समितिका, पत्रं च सम्यक्तपः।
मैत्रीस्कन्ध - सुसाम्य - गन्धहितदं, स्वर्गापवर्गौ फलं,
शान्तिस्तापहरी स धर्मतरुकः, कुर्यात् सदा मङ्गलम् ॥7॥
सर्वज्ञेन विलोकिता भुवनका, भावा यथावस्थिताः,
तै र्गुम्फीकृत - शास्त्र - वाक्यरचना, जैनागमः कथ्यते।
यस्मिन् लीनमुनीश - सिद्धि - रसिकाः, कर्मक्षयं कुर्वते,
तं वन्दे शिवसौख्यदं जिनवचः,कुर्यात् सदा मङ्गलम् ॥8॥
पूजारम्भ-जिनोत्सवे मृदुकरं, क्षेमंकरं चाष्टकम्,
ये श्रृण्वन्ति पठन्ति मंगलमिदं, भक्त्या सदा सज्जनाः।
ते भव्याः कृतिनो भवन्ति भुवने, प्राज्ञैः प्रशंसां गताः,
लब्ध्वा लोकसुखं च मौक्तिकसुखं, शीघ्रं लभन्ते बुधाः ॥9॥

॥ इति मंगलाष्टकस्तोत्रम् ॥

विद्यासागर-वीतराग-गणिनं, ज्योतिर्मयं ज्ञायकं,
पंचाचार-समग्र-शोभित-पदं, ज्ञानोदधेः शिष्यकम्।
आचार्यं गुणधारकं कविवरं, साहित्य-संसाधकं,
कौमारं शिवसाधकं मृदुकरं, भक्त्या प्रवन्दामहे ॥

विनय पाठ

इह विधि ठाड़ो होय के, प्रथम पढ़े जो पाठ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम, नाशे कर्म जो आठ ॥ १॥

अनंत चतुष्टय के धनी, तुम ही हो सरताज।
मुक्ति वधु के कंत तुम, तीन भुवन के राज ॥ २॥

तिहुँ जग की पीड़ा हरन, भवदधि शोषणहार।
ज्ञायक हो तुम विश्व के, शिव सुख के करतार ॥ ३॥

हरता अघ अँधियार के, करता धर्म प्रकाश।
थिरता पद दातार हो, धरता निजगुण रास ॥ ४॥

धर्मामृत उर जलधि सों, ज्ञानभानु तुम रूप।
तुमरे चरण सरोज को, नावत तिहुँ जग भूप ॥ ५॥

मैं वन्दों जिनदेव को, कर अति निर्मल भाव।
कर्म बन्ध के छेदने, और न कछू उपाव ॥ ६॥

भविजन को भव कूपतैं, तुम ही काढ़नहार।
दीन दयाल अनाथपति, आतम गुण भंडार ॥ ७॥

चिदानन्द निर्मल कियो, धोय कर्म रज मैल।
सरल करी या जगत में, भविजन को शिवगैल ॥ ८॥

तुम पद-पंकज पूजते, विघ्न रोग टर जाय।
शत्रु मित्रता को धरें, विष निरविषता थाय ॥ ९॥

चक्री खगधर इन्द्र पद, मिले आप तैं आप।
अनुक्रम करि शिवपद लहें, नेम सकल हनि पाप ॥ १०॥

तुम बिन मैं व्याकुल भयो, जैसे जल बिन मीन।
जन्म-जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन ॥ ११॥

पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेव।
अंजन से तारे कुधी, जय जय जय जिनदेव ॥ १२॥

थकी नाव भवदधि विषैं, प्रभु तुम पार करेव।
खेवटिया हो तुम प्रभु, जय जय जय जिनदेव ॥ १३॥

राग सहित जग में रुल्यो, मिले सरागी देव।
वीतराग भेंट्यो अबै, मेटो राग कुटेव ॥ १४॥

कित निगोद कित नारकी, कित तिर्यंच अज्ञान।
आज धन्य मानुष भयो, पायो जिनवर थान ॥ १५॥

तुमको पूजैं सुरपति, अहिपति नरपति देव।
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव ॥ १६॥

अशरण के तुम शरण हो, निराधार आधार।
मैं डूबत भव सिन्धु में, खेव लगाओ पार ॥ १७॥

इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान।
अपनो विरद निहारकैं, कीजे आप समान ॥ १८॥

तुमरी नेक सुदृष्टि तैं, जग उतरत है पार।
हा हा डूब्यो जात हों, नेक निहार निकार ॥ १९॥

जो मैं कहहूँ और सों, तो न मिटै उरझार।
मेरी तो तोसों बनी, तातैं करौं पुकार ॥ २०॥

वंदों पाँचों परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास।
विघन हरन मंगल करन, पूरन परम प्रकाश ॥ २१॥

चौबीसों जिनपद नमों, नमों शारदा माय।
शिवमग साधक साधु 'नमि', रच्यो पाठ सुखदाय ॥ २२॥

मंगल मूरत परम पद, पंच धरो नित ध्यान।
हरो अमंगल विश्व का, मंगलमय भगवान ॥ २३॥

मंगल जिनवर पद नमों, मंगल अर्हन्त देव।
मंगलकारी सिद्ध पद, सो वन्दों स्वयमेव ॥ २४॥

मंगल आचारज मुनि, मंगल गुरु उवझाय।
सर्व साधु मंगल करो, वन्दों मन वच काय ॥ २५॥

मंगल सरस्वती मात का, मंगल जिनवर धर्म।
मंगलमय मंगलकरो, हरो असाता कर्म ॥ २६॥

या विधि मंगल से सदा, जग में मंगल होत।
मंगल 'नाथूराम' यह, भवसागर दृढ़-पोत ॥ २७॥

॥ पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

नित्य पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय ! नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥

ॐ ह्रीं अनादिमूलमन्त्रेभ्यो नमः (पुष्पांजलि क्षेपण करना)

चत्तारि मंगलं-अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णतो, धम्मो मंगलं । चत्तारि-लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहूलोगुत्तमा, केवलिपण्णतो धम्मो लोगुत्तमा । चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंते सरणं पव्वज्जामि, सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ॥

ॐ नमो अर्हते स्वाहा (पुष्पांज्जलिं क्षिपामि)

अपवित्रः पवित्रो वा, सुस्थितो दुःस्थितोपि वा ।
ध्यायेत्पन्चनमस्कारं, सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥१॥
अपवित्रः पवित्रो वा, सर्वावस्थाङ्गतोःपिवा ।
यः स्मरेत्परमात्मनां स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः ॥२॥
अपराजित-मन्त्रोः यं सर्वविघ्न-विनाशनः ।
मंगलेषु च सर्वेषु प्रथमं मंगलं मतः ॥३॥
एसो पंच णमोयारो सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं होई मंगलं ॥४॥
अर्हमित्यक्षरं ब्रह्म-वाचकं परमेष्ठिनः ।
सिद्धचक्रस्य सद्बीजं, सर्वतः प्रणमाम्यहं ॥५॥
कर्माष्टकविनिर्मुक्तं, मोक्षलक्ष्मी - निकेतनं ।
सम्यक्त्वादिगुणोपेतं, सिद्धचक्रं नमाम्यहं ॥६॥
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति शाकिनी-भूतपन्नगाः ।
विषं निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ॥७॥

(यहाँ पुष्पांजलि क्षेपण करना चाहिये)

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाथमहं यजे॥

ओं ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे कल्याणमहं यजे॥

ओं ह्रीं भगवतोगर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाणपंचकल्याणकेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाम यजामहे॥

ओं ह्रीं श्री जिनभगवतोऽष्टोत्तरसहस्रनामभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिनसूत्रमहं यजे॥

ओं ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणिमोक्षमार्गः इत्यादिः तत्त्वार्थसूत्रस्थ दशाध्यायेभ्यः समस्तजिनसूत्रेभ्यश्चार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे मुनिराजमहं यजे॥

ओं ह्रीं त्रिसंख्योननवकोटिसर्वमुनीन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूजाप्रतिज्ञा

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्य जगत्त्रयेशं, स्याद्वाद-नायक-मनन्त, चतुष्टयार्हम्।
श्रीमूलसङ्घ - सुदृशां सुकृतैक - हेतु, जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाभ्यधायि॥१॥
स्वस्ति त्रिलोक-गुरवे जिन-पुङ्गवाय, स्वस्ति स्वभाव-महिमोदय-सुस्थिताय।
स्वस्ति प्रकाश-सहजोर्जित दृङ्.मयाय, स्वस्ति प्रसन्नललिताद्भुत-वैभवाय॥२॥
स्वस्त्युच्छलद् - विमलबोध-सुधाप्लवाय, स्वस्ति स्वभाव-परभाव-विभासकाय।
स्वस्ति त्रिलोकविततैकचिदुद्गमाय, स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत-विस्तृताय॥३॥
द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्य यथानुरूपं, भावस्य शुद्धिमधिकामधि - गन्तुकामः।
आलम्बनानि विविधान्यवलम्ब्य वल्गन्, भूतार्थयज्ञ - पुरुषस्य करोमि यज्ञम्॥४॥
अर्हत् - पुराण पुरुषोत्तम - पावनानि, वस्तून्यनूनमखिलान्ययमेक एव।
अस्मिञ् - ज्वलद् - विमलकेवलबोधवह्नौ, पुण्यं समग्र-मह-मेक-मना जुहोमि॥५॥
ओं ह्रीं विधियज्ञप्रतिज्ञायै जिनप्रतिमाग्रे पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

स्वस्ति मंगलपाठ

श्री वृषभो नः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अजितः।
श्री संभवः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अभिनन्दनः।
श्री सुमतिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री पद्मप्रभः।

श्री सुपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्री चन्द्रप्रभः।
श्री पुष्पदन्तः स्वस्ति, स्वस्ति श्री शीतलः।
श्री श्रेयान् स्वस्ति, स्वस्ति श्री वासुपूज्यः।
श्री विमलः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अनन्तः।
श्री धर्मः स्वस्ति, स्वस्ति श्री शान्तिः।
श्री कुन्थुः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अरनाथः।
श्री मल्लिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री सुव्रतः।
श्री नमिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री नेमिः।
श्री पार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्री वर्द्धमानः।

॥ पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

परमर्षि स्वस्ति मंगल पाठ

नित्याप्रकम्पाद्भुत - केवलौघाः, स्फुरन्मनःपर्ययशुद्धबोधाः।
दिव्यावधिज्ञानबलप्रबोधाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥१॥
कोष्ठस्थ-धान्योपममेकबीजं, संभिन्न-संश्रोतृ-पदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥२॥
संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरा-, दास्वादन-घ्राण-विलोकनानि।
दिव्यान् मतिज्ञानबलाद्वहन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥३॥
प्रज्ञा-प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः, प्रत्येक-बुद्धा दशसर्वपूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टांगनिमित्तविज्ञाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥४॥
जङ्घानलश्रेणिफलाम्बुतन्तु, - प्रसून-बीजाङ्कुर - चारणाह्वाः।
नभोऽङ्गण-स्वैरविहारिणश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥५॥
अणिम्नि दक्षाः कुशला महिम्नि, लघिम्नि शक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनोवपुर्वाग्बलिनश्च नित्यं, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥६॥
सकाम-रूपित्व-वशित्वमैश्यं, प्राकाम्यमन्तर्द्धिमथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघातगुणप्रधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥७॥
दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं, घोरं तपो घोरपराक्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोरगुणं चरन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥८॥
आमर्ष-सर्वौषधयस्तथाशी, र्विषाविषा दृष्टिविषाविषाश्च।
[1]सखेलविड्जल्लमलौषधीशाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥९॥
क्षीरं स्रवन्तोऽत्र घृतं स्रवन्तो, मधुस्रवन्तोऽप्यमृतं स्रवन्तः।
अक्षीण-संवासमहानसाश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥१०॥

॥ इति परमर्षिस्वस्तिमंगलविधानं परिपुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

देव शास्त्र गुरु पूजा

जिनगीतिका

शुचि ध्यान से त्रेसठ प्रकृति हन, वीतरागी हो गये,
दृग ज्ञान सुख वीरज चतुष्टय, गुण अनंत निजी लिये।
तीर्थेश बन उपदेश दे, अनगिन भविक निज सम किये,
जिनदेव श्रुत गुरु बोध डालो, आज मेरे भी हिये ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु समूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानम् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्!

सद्दृष्टि बिन जन्मान्ध जैसा, जन्म वन भ्रमता फिरा,
शिवराह बिन गुमराह होता, दुःख सहता मैं निरा।
वसु अंग युत सम्यक्त्व पाने, भक्ति जल मन में भरूँ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुत की किरण बिन अज्ञ प्राणी, तत्त्वबोध न कर सका,
निज आतमा के ज्ञान बिन तब, भव विफल था मनुष का।
वसु अंग युत श्रुत ज्ञान पाने, शास्त्र गंध हृदय धरूँ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

नरकादि दुर्गति बीच मुझको, बूँद नहिं सुख की मिली,
फिर देव गति में त्याग के बिन, राग से दुर्गति फली।
मुनि मूलगुण सह गुप्ति पाने, सुगुण का अक्षत करूँ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

मैं स्पर्श इन्द्रिय के विषय वश, एक इन्द्रिय तन धरा,
जहँ पंच थावर देह धरके, कष्ट पाकर फिर मरा।
द्वादश तपों को प्राप्त करने, शील सुमनों को धरूँ ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मैं रसन इन्द्रिय के विषय वश, नित अभक्ष्यों को भखा,
फल से नरक में अन्न जल बिन, भूख से विलखा थका।
बल वीर्य पाने अब इकाशन, अनशनों का चरु धरूँ ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अज्ञान का तामस हटाने, देव गुरु उर उदित हों,
अरिहंत श्रुत गुरु भक्ति करके,भक्त मन मृदु मुदित हों।
दस धर्म लक्षण ज्ञान करने, दीप आगम का करूँ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

घ्राणाक्ष वश इत्रादि सूँघे, दया सौरभ के बिना,
भ्रमरादि सम आसक्त होकर, दुख उठाता था घना।
अब भावना द्वादश विचारूँ, धूप कर्मों को करूँ ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

भोगी मरा हर बार लेकिन, भोग इच्छा ना मरी,
इस हेतु मुनि ने भोग तजकर, राह शिवपुर की धरी।
द्वाविंश परिषह कष्ट सहकर, नर जनम सफली करूँ ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः महामोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

भव भोग सुख पाने अभी तक, आपका पूजन किया,
पर आज शत वसु सुगुण पाने, अर्घ हाथों में लिया।
अनमोल जिनगुरु श्रुत पदों में, अर्घ मृदुता से धरूँ ,
जिन शास्त्र गुरु त्रय रत्न नौका, प्राप्त कर भव से तिरूँ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरु भ्यो नमः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

यशोगान

देव दृष्टि आधार हैं, शास्त्र बोध आगार।
गुरु समुद्र पतवार हैं, जग जन तारणहार ॥

ज्ञानोदय

वीतराग सर्वज्ञ हितंकर, सच्चे देव हमारे हैं,
चउतिस अतिशय प्रातिहार्य वसु, नंत चतुष्टय धारे हैं।
अष्टादश दोषों को जीता, लोकालोक सभी जाना,
तीर्थंकर के छ्यालिस गुण से , अनंतगुण किस विध गाना ॥1 ॥
हे जिनवर!तव वाणी सुनते, भविजन निज निज भाषा में,
अष्टादश विध महान भाषा, सप्तशतक लघु भाषा में।
चतुर्ज्ञान धर गणधर झेलें, फिर श्रुत की करते रचना,
प्रविष्टांग द्वादश भेदों में, बाह्य अंग चौदह गणना ॥2 ॥
हे आचार्य सुपाठक मुनिवर!, तुम्हीं स्वर्ग शिव सुख दाता,
धीर वीर गंभीर यशस्वी, क्षमा आदि गुण के धाता।
बोधि समाधि प्रदाता मेरे, भव दुख दूर करो स्वामी,
परमानन्द प्राप्त करने को, मृदुमति कर दो जगनामी ॥3 ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो नमः पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आप्त लक्ष्य हैं भव्य के, आगम दीपक रूप।
गुरु नेता हैं मार्ग के, बनते भवि शिव भूप ॥

॥ इति शुभं भूयात् ॥

षट्खण्डागम्

श्रुत पंचमी पूजा
श्रुत स्कन्ध विधान

श्रुतधारकों का क्रमिक काल

दोहा

तीर्थंकर सर्वज्ञ की, वाणी गंगा धार।
बह-बह कर आयी यहाँ, भव्यो उर में धार ॥1॥

ज्ञानोदय छन्द

तीर्थंकरों से श्रुत परम्परा

तीर्थंकर श्री ऋषभदेव से, वर्द्धमान जिन तक आयी।
गणधर मुनियों ने अपनाकर, मुक्ति निराकुलता पायी ॥
ऐसी जिनवर वाणी गंगा, भव्यों के कल्मष हरती।
ग्रन्थों के लिपिबद्ध कुण्ड में, डूबो मन पावन करती ॥2॥

महावीर और अनुबद्ध केवलियों से-समय

महावीर की तीर्थ देशना, तीस वर्ष तक सतत खिरी।
गौतम सुधर्म केवलि द्वय की, बारह बारह बरस झरी ॥
तीस-आठ बरसों जम्बू जिन, हितकारी उपदेश दिया।
गौतमादि अनुबद्ध केवली, बासठ बरस विहार किया ॥3॥

पाँच श्रुत केवलियों से समय

द्वादशांग के ज्ञाता विष्णू, नन्दिमित्र अपराजित थे।
गोवर्द्धन मुनि भद्रबाहु श्रुत, केवलि क्रमशः राजित थे ॥
चौदह सोलह बाइस उन्निस, उनतिस बरस विहार किया।
क्रमशः होते सौ वर्षों में, सत्य धर्म परचार किया ॥4॥

11 अंग और 10 पूर्वों के 11 आचार्यों से

ग्यारह अंग सुदश पूर्वों के, ज्ञाता ग्यारह सूरि हुए।
ख्यात विशाखाचार्य प्रौष्ठिल, क्षत्रिय मुनि जयसेन हुए ॥
नागसेन सिद्धार्थ मुनीश्वर, धृतीसेन व विजय रहे।
बुद्धिलिंग मुनिदेव मुनीश्वर, धर्मसेन जयवंत रहे ॥5॥

11 आचार्यों का समय

इनका काल रहा है क्रमशः, दश उन्नीस सप्तदश है।

इक विंशति अट्ठारह सत्रह, अठरा तेरह बीस रहे ॥
चौदह-चौदह अथवा सोलह, धर्म प्रभावन काल रहा।
सभी मिलाकर शत तेरासी, वर्ष धर्म अवतार रहा ॥6॥

11 अंगों एवं कुछ पूर्वों के ज्ञाता 5 आचार्यों का समय

ग्यारह अंगों कुछ पूर्वों के, ज्ञाता पाँचों आर्य रहे।
है नक्षत्र नाम जयपाला, पाण्डव श्री ध्रुवसेन रहे ॥
कंससूरि इनकी प्रभावना, अठरा बिस उनचालिस वर्ष।
चौदह बत्तिस क्रमिक मिलाकरशत तेईस हुए सब वर्ष॥7॥

10-9-8 अंगों के ज्ञाता चार आचार्यों का समय

क्रमशः हीन अंग के ज्ञाता, दश नव आठ अंगधारी।
सुभद्र यशभद्र भद्रबाहु जी, लोहाचार्य सुगणधारी ॥
क्रमशः काल रहा छह अठरा, तेईस त्रेपन या पच्चास।
निन्यानव सन्तानव दो मत, गुरु वचनों में ना व्यत्यास ॥8॥

1 अंगधारी का समय

क्रमशः काल रहा अट्ठाइस, इक्किस उन्निस तीस व बीस।
इनका जोड़ एक सौ अठरा, कुल छह सौ तेरासी गीत ॥
एक अंगधारी अर्हद्वलि, माघनन्दि धरसेन महान।
पुष्पदन्त मुनि भूतबली को, मृदुमति नमन करे धरध्यान॥9॥

ओं ह्रीं सकलश्रुतधारक-आचार्येभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुत पंचमी पूजा श्रुत स्कन्ध विधान

ज्ञानोदय छन्द

श्रुतधारी धरसेन सूरि ने, षट्खण्डागम ज्ञान दिया।
पुष्पदन्त मुनि भूतबली ने, सविनय श्रुत आदान किया ॥
कर्मप्रकृति प्राभृत के ये छह, जीवस्थान क्षुल्लकबंधा।
बंधस्वामिविचयी व वेदना, वर्गणखंड महाबंधा ॥
धवल महाधवला टीका युत, षट्खण्डागम ग्रन्थ नमूँ।
जिन श्रुत गुरु की पूजन करके, सर्व पाप कृत दोष वमूँ ॥
आज पंचमी पावन दिन पर, उर में श्रुत अवतार करूँ।
हे जिन श्रुत! मम हृदय प्रकाशो, शिवपथ का अँधियार हरूँ ॥

ओं ह्रीं जिनमुखोद्भूतषट्खण्डागमगर्भित-अंगप्रविष्ट-अंगबाह्य श्रुतदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधीकरणम्।

जब से मैंने जिन वचनों के, जल से मिथ्यामल धोया।
तब से पर में सुख है ऐसा, निज का मिथ्या भ्रम खोया ॥
निर्मल जल सम शुचि जीवन हो, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय जलं निर्व. स्वाहा।

तन को शीतल करने वाले, जगती में बहु चन्दन हैं।
जो मन को शीतल करते हैं, उन वचनों को वंदन है ॥
भव आताप विनाशक गुरुवर, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मन इन्द्रिय का सुख नश्वर है, चेतन सुख अविनश्वर है।
शिव सुख का कारण रत्नत्रय, मुनिवर रूप दिगम्बर है ॥
अक्षय सुख मुझको मिल जावे, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

जिस श्रुत में अवगाहन कर मुनि, काम दाह को हरते हैं।

ऐसे उपकारक आगम को, शत शत वंदन करते हैं ॥
मदन दोष मिट जाये मेरा, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुताध्ययन करने को मुनिवर, नित रस का परित्याग करें।
और उसी के लेखन में वे, निज जीवन बलिदान करें ॥
मैं भी रसना पर जय पाने, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिस जिनशासन के दीपक ने, हम सबका अज्ञान हरा।
उस शासन के ज्ञाता गुरु से, मिलता है शिव सौख्य खरा ॥
श्रुतज्ञान की ज्योति जगाने, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ।

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा

मार्दव गुण से मुनिवर तुमने, दुखद मदाष्टक नष्ट किया।
फिर कर्माष्टक नष्ट हेतु गुरु , ज्ञान गुणाष्टक पुष्ट किया ॥
ध्यान अग्नि में पाप दहन हित, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुताभ्यास का सुफल मिले बस, सदा पाप से विरत रहूँ।
जिनशासक गुरु आचार्यों की, आज्ञा में नित निरत रहूँ ॥
जिन-आज्ञा का पालन करने, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वर्द्धमान जिनशासन वंदूँ, शिव साधक मुनिवर वंदूँ।
सन्मति मुख से निकली वाणी, गूँथी गौतम गुरु वंदूँ ॥
अनर्घ पद पाने मति मृदु हो, श्रुतधारी धरसेन नमूँ।
पुष्पदन्त गुरु भूतबली मुनि, जैनागम षट्खण्ड नमूँ ॥

ओं ह्रीं षट्खण्डागमसहितद्विविधश्रुताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आगम अर्घावली

दोहा

ओं क्ष्वीं ब्लूं स्रूं ग्लौं श्री, श्रुताय नमः जप मन्त्र।
बुद्धि स्मृति विद्या बढ़े, जाप प्रभाव अनन्त ॥

ज्ञानोदय छन्द

ओं बीजाक्षर का कृतिका उडु, वृश्चिक राशि भौम स्वामी,
गन्ध मेंहदी रस कषायला, लघुस्पर्श रँग सित नामी।
विनय भक्ति दे ज्ञान तेज दे, प्रणव बीज पन गुरु मूला,
सब मन्त्रों में प्रथम शोभता, जपो मन्त्र ओं भव कूला ॥
क्ष्वीं बीजाक्षर आर्द्रा तारा, मिथुन राशि बुध ग्रह स्वामी,
रस खटमिट्ठा सुगन्ध सौंधी, सम शीतोष्ण स्पर्श नामी।
नारंगी रँग सुपूज्य-पूजक, क्षत्रियता मृदुता दानी,
भद्रादर्श-वंश-कुलवादी, बोधि समाधि तेज धानी।
पुराण पुरुषों का सम्मानक, भू नभ सी दे विशालता,
असीम सद्कार्यों का साधक, जपो मन्त्र क्ष्वीं सिद्धि लता ॥

दोहा

सरस्वती जयवंत हो, श्रुत जैनागम रूप।
ज्ञानदीप अनुयोग से, मिलता आत्म स्वरूप ॥

अथ मण्डलोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

मोह शत्रु दृग ज्ञान रज, विघ्न नाश गुण प्राप्त।
वीतराग सर्वज्ञ जिन, हित उपदेशक आप्त ॥1॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं आगमेशिवीतरागसर्वज्ञदेवाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनेन्द्र वक्ता के वचन, आगम रूप प्रमाण।
भव दुख से भवि जीव का, करते हैं कल्याण ॥2॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं कल्याणकारिजिनेन्द्रोक्तवचःसमूहाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आप्तोपज्ञ अलंघ्य वच, दृष्ट-इष्ट-अविरोध।
तत्त्व कथक जग हित करे, कुपथ हरे श्रुत बोध ॥3॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं आप्तोपज्ञादिषड्विशेषणयुक्तजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जीवादिक षड् द्रव्य का, नव पदार्थ का ज्ञान।
अस्तिकाय तत्त्वार्थ का, आगम से हो ज्ञान ॥4॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं जीवादिद्रव्यपदार्थास्तिकायत्वप्रतिपादकजिनागमाय नमः अर्घं निर्व.।

हीनाधिक संदेह बिन, बिन विपरीत सु ज्ञान।
आगम ज्ञाता ज्ञान को, याथातथ्य बखान ॥5॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं हीनाधिकदोषरहितयाथातथ्यवस्तुतत्त्वनिरूपकसम्यग्ज्ञानाय नमः अर्घं।

आचारादिक ज्ञान को, धरें चार अनुयोग।
प्रथम करण अनुयोग क्रम, चरण द्रव्य संयोग ॥6॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं चतुरनुयोगमयश्रुतज्ञानाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म मूल आधार फिर, अर्थ काम पुरुषार्थ।
मोक्ष तत्त्व को साधता, पहला शास्त्र यथार्थ॥
श्रवण पुण्यकारक 'प्रथम', बोधि समाधि निधान।
पुराण त्रेसठ नर कथा, चरित कथा इक जान ॥7॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं प्रथमानुयोगरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

लोकालोक विभाग औ, युग परिवर्तन सार।
दर्पण सम जाने 'करण', चतुर्गति कर विस्तार ॥8॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं करणानुयोगरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चरण प्राप्ति साधन कथन, वर्द्धन रक्षण अंग।
वही 'चरण' अनुयोग है, मुनि श्रावक व्रत संग ॥9॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं चरणानुयोगरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सप्त तत्त्व षड् द्रव्य औ, नव पदार्थ संयोग।
कथन काय पंचास्ति का, दीप 'द्रव्य'अनुयोग ॥10॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं द्रव्यानुयोगरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

'द्रव्य' कथन दो रूप हैं, आगम औ अध्यात्म।
दर्शन औ सिद्धान्त ये, आगम द्विविध श्रुतात्म ॥
जीव कर्म सिद्धान्त द्वय, दर्शन षड्विध जान।
द्विविध रहा अध्यात्म श्रुत , आत्मभावना ध्यान ॥11॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं विविधद्रव्यानुयोगरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

'शब्दअर्थ'' नयअर्थ'मत,' आगमार्थ'' भावार्थ'।
वस्तु तत्त्व का जैन श्रुत, करे पंचविध अर्थ ॥12॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं पंचविध-अर्थनिरूपकजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सूक्ष्म जिनोदित तत्त्व है, नहिं उल्लंघन योग्य।
शब्द भले संशोध्य हों, नहिं आगम संशोध्य ॥13॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं जिनोदितसूक्ष्मतत्त्वनिरूपकजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्व-अपर न विरोध हो, अर्थ निकालें संत।
सूत्र ग्रंथ सिद्धान्त में, गर्भित अर्थ अनंत ॥14॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं पूर्वापरविरोधरहितजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अनेकांतमय वस्तु में, रहते धर्म अनंत।
अंश-अंश नय जानते, प्रमाण सबका कंत ॥15॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं नयप्रमाणद्वारेणवस्तुनिरूपकजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्यों के सामान्य को, जानें निश्चय द्वार।
औ विशेष पर्याय को, जानें नय व्यवहार ॥16॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं निश्चयव्यवहारनयद्वयसापेक्षवस्तुनिरूपकजिनागमाय नमः अर्घं निर्व.।

आगम वस्तु स्वभाव में, नहीं तर्क का स्थान।
वीतराग सर्वज्ञ के, वचन प्रमाण महान ॥17॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं अतर्कगोचरजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

साधु सन्त ही पा सके, आगम से गुण रत्न।
बने पूज्य इस लोक में, करते मुक्ति प्रयत्न ॥18॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं योगिगम्यजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक विषय दो मत रहे, किन्तु न रखें विरोध।
पाप भीरु आचार्य गण, गहें उभय अविरोध ॥19॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं उभयमतसंग्राहकगुरु वचनमयजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोनों मत में एक ही, यद्यपि होता सत्य।

किंतु अल्पज्ञानी गणी, ग्रहण करें द्वय कथ्य ॥20॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं पापभीरु -गणिगणसंग्राह्यसिद्धान्तजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपा. स्वाहा।

कर्म विनाशक मोक्ष कर, आगम आदि अनादि।
वृषभ आदि तीर्थेश से,आगम आया सादि ॥21॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं प्रवाहापेक्षया-अनादिरूपाय वर्तमानापेक्षया सादिरूपजिनागमाय च नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

महार्घ

करे राग से विमुख जो, शिव पथ सुरुचि कराय।
मैत्री गुण विस्तृत करे, ऐसा आगम भाय ॥

ओं ह्रीं क्ष्वीं परमजिनागमाय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अंग प्रविष्ट श्रुत अर्घावली

ज्ञानोदय छन्द

ब्लूं बीजाक्षर ऋक्ष रोहिणी, वृषभ राशि ग्रह शुक्र नृपा,
सुगन्ध सिन्दूरी रस तीखा, भारीस्पर्श रंग लहु सा।
ऊहापोही विज्ञ बनाता, वाद-विजयदा गणित प्रदा,
प्रकृति कला प्रिय यत्नाचारी, विनय शीलदा शुद्धि प्रदा।
त्रिलोक-संचारी सिद्धान्ती, हेयादेय ज्ञान धाता,
सहिष्णुता दे दुख कष्टों में, जपो मन्त्र ब्लूं बल दाता ॥

दोहा

ज्ञानमूर्ति गुरुदेव का, जिनवाणी पर ध्यान।
दान करें श्रुतज्ञान का, हरें मोह अज्ञान ॥

अथ मण्डलोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

अष्ट शुद्धि चारित्र का, कथन करें गणराय।
सीखें आचारांग को, उनसे सब मुनिराय ॥22॥

ओं ह्रीं ब्लूं अंगप्रविष्ट-आचारांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

योग्यायोग्य विचारते, ज्ञान विनय व्यवहार।
छेदोपस्थापन क्रिया, गणधर जाननहार ॥23॥

ओं ह्रीं ब्लूं सूत्रकृतांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक-एक दो आदि से, करें वस्तु व्याख्यान।
ऐसे गुरु गणराय का, करूँ सदा शुभ ध्यान ॥24॥

ओं ह्रीं ब्लूं स्थानांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रदेशादि में जो रहे, एक समान पदार्थ।
उन द्रव्यों की वर्णना, गणधर करें यथार्थ ॥25॥

ओं ह्रीं ब्लूं समवायांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जीव द्रव्य हैं या नहीं, प्रश्न सुषष्टि हजार।
उनके उत्तर दे रहे, गणधर विविध प्रकार ॥26॥

ओं ह्रीं ब्लूं व्याख्याप्रज्ञप्तिश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भवि जीवों को बोधने, करें कथा आख्यान।
अन्तर्गत कहते कथा, गणधर श्रमण महान ॥27॥

ओं ह्रीं ब्लूं ज्ञातृधर्मकथांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रावक के सद्धर्म की, श्रेणी ग्यारह जान।
वे गणधर वर्णन करें, जो श्रुतज्ञान निधान ॥28॥

ओं ह्रीं ब्लूं उपासकाध्ययनांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उपसर्गों को सह श्रमण, पाते मोक्ष महान।
प्रति तीरथ दश-दश हुए, जाने बहुश्रुतवान ॥29॥

ओं ह्रीं ब्लूं अंतःकृद्दशांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच अनुत्तर में गये, मुनि सह बहु उपसर्ग।
प्रति तीरथ दश-दश हुए, गणधर जानें सर्ग ॥30॥

ओं ह्रीं ब्लूं अनुत्तरोपपादकदशांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रहें प्रश्न आक्षेपमय, या विक्षेप प्रधान।
युक्ति नयों से दे रहे, उत्तर बहुश्रुतवान ॥31॥

ओं ह्रीं ब्लूं प्रश्नव्याक रणांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विविध पुण्य औ पाप के, फ ल का करें विचार।
ऐसे गणधर को नमूँ, धरें ज्ञान आचार ॥32॥

ओं ह्रीं ब्लूं विपाकसूत्रांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परीकर्म श्रुत सूत्र श्रुत, तथा प्रथम अनुयोग।
पूर्वगतों युत चूलिका, दृष्टिवाद संयोग ॥
त्रेसठ उत्तर तीन सौ, मिथ्यामत एकान्त।
दृष्टिवाद से खण्डते, गणधर धृत नैकान्त ॥33॥

ओं ह्रीं ब्लूं पंचविधदृष्टिवादांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

महार्घ

आचारांग प्रविष्ट से, दृष्टिवाद तक जान।
द्वादश अंग नमूँ सदा, वक्ता वचन प्रमाण ॥

ओं ह्रीं ब्लूं अंगप्रविष्टश्रुताय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दृष्टिवाद भेद अर्घावली

ज्ञानोदय छन्द

स्त्रूं बीजाक्षर ऋक्ष शतभिषा, कुंभराशि शनिग्रह स्वामी,
गन्ध गुलाब सुमन रस मधुरा, कठिन स्पर्श शुक्ल वर्णी।
निज पर मत बोधक संस्कारी, दोष दूर करता ज्ञाता,
अदृश्य सद्विद्या का साधक, त्रिलोक -भ्रमणी सुख दाता।
निरोगता दे कला गणित प्रिय, वैज्ञानिक दार्शनिक करता,
पूर्व पुरुष आदर्श दिखाता, जपो मन्त्र स्त्रूं सुख भरता ॥

दोहा

दृष्टिवाद के भेद पन, करते यहाँ बखान।
उनके प्रति पुष्पाञ्जलि, करके करूँ प्रणाम ॥

अथ मण्डलोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

चन्द्र इन्द्र की आयु गति, वैभव वर्णे ज्ञप्ति।
दृष्टिवाद परिकर्म का, भेद चन्द्र प्रज्ञप्ति ॥34॥

ओं ह्रीं स्त्रूं चन्द्रप्रज्ञप्तिपरिकर्मश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रवि प्रतीन्द्र की आयु गति, वैभव वर्णें ज्ञप्ति।
दृष्टिवाद परिकर्म का, भेद सूर्य प्रज्ञप्ति ॥35॥

ओं ह्रीं स्त्रूं सूर्यप्रज्ञप्तिपरिकर्मश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वेदि क्षेत्र गिरि चैत्यगृह, व्यन्तर के आवास।
जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति में, नदि सुर भवन प्रकाश ॥36॥

ओं ह्रीं स्त्रूं जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिपरिकर्मश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मध्यलोक थित चैत्यगृह, द्वीप उदधि का ज्ञान।
द्वीपोदधि प्रज्ञप्ति श्रुत, वर्णे असंख्य मान ॥37॥

ओं ह्रीं स्त्रूं द्वीपसमुद्रप्रज्ञप्तिपरिकर्मश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव्याभव्य सुजीव का, सिद्ध जीव का ज्ञान।
व्याख्या प्रज्ञप्ती धरे, अजीव का विज्ञान ॥38॥

ओं ह्रीं स्त्रूं व्याख्याप्रज्ञप्तिपरिकर्मश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दृष्टिवाद का सूत्र श्रुत, करे गणित व्याख्यान।
तीन शतक त्रेसठ अधिक, मत का भी दे ज्ञान ॥39॥

ओं ह्रीं स्त्रूं दृष्टिवादगतसूत्रश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थनाथ चक्री हली, वर्णे सकल पुराण।
एक पुरुष वर्णे चरित, प्रथम शास्त्र श्रुत प्राण ॥40॥

ओं ह्रीं स्त्रूं दृष्टिवादगतप्रथमानुयोगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्पाद-व्यय ध्रौव्य युत, सत् लक्षण है द्रव्य।
पर्यय दृष्टि अपेक्षया, पूर्व दृष्टि श्रुत दिव्य ॥41॥

ओं ह्रीं स्त्रूं दृष्टिवादगत-उत्पादसूत्रश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य क्षेत्र भावादि वश, सुनय कुनय व्याख्यान।
कथन करे अग्रायणी, नमूँ पूर्व श्रुतज्ञान ॥42॥

ओं ह्रीं स्त्रूं दृष्टिवादगत-अग्रायणीपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म द्रव्य क्षेत्रादि बल, वर्णे वीर्य प्रवाद।
दृष्टिवाद गत पूर्व को, नमूँ भजूँ स्याद्वाद ॥43॥

ओं ह्रीं स्त्रूं वीर्यप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य क्षेत्र कालादि वश, अस्ति नास्ति उभवाद।

सप्त भंग मय वस्तु का, कथन करे नय वाद ॥44॥

ओं ह्रीं स्त्रूं अस्तिनास्तिप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वर्णे ज्ञान प्रवाद श्रुत, पंच रहे सद्ज्ञान।
अथवा आठ प्रकार से, मिथ्या सम्यग् ज्ञान ॥45॥

ओं ह्रीं स्त्रूं ज्ञानप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सत्य-असत् उभयानुभय, वचन कथन परवाद।
गुप्ति समिति वच भेद को, कहता सत्य प्रवाद ॥46॥

ओं ह्रीं स्त्रूं सत्यप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विधि निषेध नय द्वार से, कहे जीव के भेद।
आत्म प्रवाद यथार्थ को, जाने नमूँ प्रभेद ॥47॥

ओं ह्रीं स्त्रूं आत्मप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म बंध सत्ता उदय, मूलोत्तर विधि भेद।
वर्णे कर्म प्रवाद श्रुत, नमते आगम वेद ॥48॥

ओं ह्रीं स्त्रूं कर्मप्रवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

व्रत तप संयम साधने, पूरव प्रत्याख्यान।
पाप त्याग को वर्णता, दृष्टिवाद आख्यान ॥49॥

ओं ह्रीं स्त्रूं प्रत्याख्यानपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्याओं को साधने, मंत्र तंत्र विधि ज्ञान।
विद्यानुवाद पूर्व को, साधें श्रमण महान ॥50॥

ओं ह्रीं स्त्रूं विद्यानुवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर कल्याण की, महिमा गाता पूर्व।
शशि रवि ग्रह का ज्ञान दे, सम्यग्ज्ञान अपूर्व ॥51॥

ओं ह्रीं स्त्रूं कल्याणवादपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वैद्यक ज्योतिष ज्ञान दे, विष हरने दे मंत्र।
प्राणवाद श्रुत पूर्व यह, जीवन रक्षा तंत्र ॥52॥

ओं ह्रीं स्त्रूं प्राणावायपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

छंद नृत्य संगीत रस, शिल्प कलाऽलंकार।
तिया कला चतु षष्टि को, जाने क्रियाविशाल ॥53॥

ओं ह्रीं स्त्रूं क्रियाविशालपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक का ज्ञान दे, लोकबिंदु श्रुत सार।
गणित सूत्र विधि ज्ञान से, पूर्व करे उपकार ॥54॥

ओं ह्रीं स्त्रूं लोकबिंदुसारपूर्वश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चूलि जलगता नीर पे, थल सम चाल सिखाय।
अग्नि भखे मंत्रादि से,जल गत चूलि दिखाय ॥55॥

ओं ह्रीं स्त्रूं जलगताचूलिकाश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चूलि थलगता भूमि में, अंदर जाने मंत्र।
धरा विषय को जानने, कहे अशुभ शुभ तंत्र ॥56॥

ओं ह्रीं स्त्रूं स्थलगताचूलिकाश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चूलिका माया गता, माया मंत्र बताय।
इन्द्रजाल क्रीडाओं की, विधियाँ विविध सिखाय ॥57॥

ओं ह्रीं स्त्रूं मायागताचूलिकाश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नर सिंह मृग के रूप को, धरने वर्णे मंत्र।
रूपगता श्रुत चूलिका, वर्णे बहुविध तंत्र ॥58॥

ओं ह्रीं स्त्रूं रूपगताचूलिकाश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नभ में चलने के नियम, मंत्र जाप तप कार्य।
गगनगता श्रुत चूलिका, बतलाती अनिवार्य ॥59॥

ओं ह्रीं स्त्रूं गगनगताचूलिकाश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जैनागम को भक्ति से, पढ़ो सुनो जिनभक्त।
आप्त वचन को मानकर, बन एकत्व विभक्त ॥60॥

ओं ह्रीं स्त्रूं एकत्वविभक्तआत्मोपलब्धिप्राप्तये जिनगमाय नमः अर्घं निर्वपा. स्वाहा।

महार्घ

दृष्टिवाद 'परिकर्म' श्रुत, 'सूत्र' 'प्रथम अनुयोग'।
'पूर्व' 'चूलिका' पंच श्रुत, नमूँ सम्हारूँ योग ॥

ओं ह्रीं स्त्रूं पंचविधदृष्टिवादश्रुताय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगबाह्य श्रुत अर्घावली

ज्ञानोदय छन्द

ग्लौं बीजाक्षर ऋक्ष धनिष्ठा, मकर राशि शनि ग्रह स्वामी,
सुगन्ध चम्पा सी रस अमृत, उष्ण स्पर्श शुक्ल वर्णी।
महान पुरुषों का अनुरागी, चमत्कार का विश्वासी,
विधि विधान आत्मिक गुण प्रेमी, जपो मन्त्र ग्लौं गुरु भाषी ॥

दोहा

सामायिक को आदि कर, निषिद्धिका पर्यंत।
बाह्यांग चौदह नमूँ, श्रुत प्रकीर्ण जयवंत ॥

अथ मण्डलोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

नामादिक निक्षेप से, सामायिक व्याख्यान।
सुख दुख एक बता रहे, गणधर समतावान ॥61॥

ओं ह्रीं ग्लौं सामायिकव्याख्यानरूपश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नामाकृति उत्सेध गुण, अतिशय पन कल्याण।
तीर्थकरों का संस्तवन, बतलाते श्रुतप्राण ॥62॥

ओं ह्रीं ग्लौं संस्तववर्णनरूपश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक जिनेन्द्र जिनालयी, वन्दन वर्णे सन्त।
उसका फल भवि जीव को, कहें महा श्रुतवन्त ॥63॥

ओं ह्रीं ग्लौं वंदनकर्मव्याख्यानरूपश्रुताय नमः अर्घं निर्व. स्वाहा।

दिवस रात्रि ईर्यापथिक, पक्ष वर्ष चौमास।
औत्तमार्थ प्रतिक्रमण का, गणधर करें विकास ॥64॥

ओं ह्रीं ग्लौं प्रतिक्रमणवर्णनरूपश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विनय पाँचवीं ज्ञान दृग, चरित्र तप उपचार।
सो उपचार परोक्ष सह, प्रत्यक्षा शिव द्वार ॥65॥

ओं ह्रीं ग्लौं विनयप्रकाशकबाह्यांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चउ प्रणाम द्वय वंदना, द्वादश हों आवर्त।
गुरु वर्णे कृतिकर्म को, गिरें न भव दुख गर्त ॥66॥

ओं ह्रीं ग्लौं कृतिकर्मबाह्यांगश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दश विशेष कालों सहित, पंचाचार विधान।
गोचर विधि आहार शुचि, गणधर करें बखान ॥67॥

ओं ह्रीं ग्लौं दशवैकालिकरूप-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्व. स्वाहा।

किस विध परिषह सह सकें, सहन करें उपसर्ग।
प्रश्नोत्तर के हेतु वे, गणधर खोलें सर्ग ॥68॥

ओं ह्रीं ग्लौं उत्तराध्ययनरूप-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्व. स्वाहा।

योग्याऽयोग्याचार का, मुनियों को दें ज्ञान।
प्रायश्चित्त अयोग्य का, बतलाते श्रुतवान ॥69॥

ओं ह्रीं ग्लौं कल्प्यव्यवहाररूप-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्व. स्वाहा।

द्रव्यादिक की दृष्टि से, योग्यायोग्य विचार।
मुनियों को सद् ज्ञान दें, गणधर श्रुत आधार ॥70॥

ओं ह्रीं ग्लौं कल्प्याकल्प्यरूप-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्व. स्वाहा।

काल संहनन जानकर, साधु योग्य द्रव्यादि।
गणधर भव्यों को कहें, तभी नमें श्रमणादि ॥71॥

ओं ह्रीं ग्लौं महाकल्प्य-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चउ निकाय भवनादि में, उत्पादन के हेतु।
पूजादान तपश्चरण, वर्णें गणधर केतु ॥72॥

ओं ह्रीं ग्लौं पुण्डरीक-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्र प्रतीन्द्रों का जनक, विशेष तप आचार।
भव्यजनों को कह रहे, गणधर वचन सम्हार ॥73॥

ओं ह्रीं ग्लौं महापुण्डरीक -अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रायश्चित्त समूह के, ज्ञाता गुरु गणराय।
अंग बाह्य श्रुत ज्ञानधर, गणधर को सिर नाय ॥74॥

ओं ह्रीं ग्लौं निषिद्धिका-अंगबाह्यश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौदह रहे प्रकीर्णकी, बाह्य अंग के भेद।
श्री गणधर गुरु को नमूँ, जाने भेद प्रभेद ॥75॥

ओं ह्रीं ग्लौं प्रकीर्णकरूपचतुर्दशश्रुताय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इक सौ बारह कोटि पद, लक्ष तिरासी जान।
सहस अठावन और पन, द्वादशांग पद मान ॥76॥

ओं ह्रीं ग्लौं द्वादशाधिकशतकोटित्रि-अशीतिलक्ष-अष्टपंचाशत्सहस्र पंचपदसहित-सर्वद्वादशांगश्रुतपदरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कोटि वसु इक लक्ष पद, सहस्र वसु बाह्यांग।
इक सौ पचत्तर श्रुत सुपद, नमूँ धरूँ मस्तांग ॥77॥

ओं ह्रीं ग्लौं अष्टकोटि-अष्टोत्तरसहस्रपंचसप्तति-अधिक शतप्रमितबाह्यांगश्रुतपद रूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

षट्खण्डागम को नमूँ, कषाय पाहुड ग्रंथ।
तिलोयपण्णत्ती नमूँ, मूलाचार सुग्रंथ ॥78॥

ओं ह्रीं ग्लौं षट्खण्डागमादिप्रसिद्धजिनागमग्रंथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

महापुराणों को नमूँ, समयसार सद्ग्रंथ।
मीमांसा जिन आप्त की, रत्नकरण्डक ग्रंथ ॥79॥

ओं ह्रीं ग्लौं महापुराणादिप्रसिद्धजिनागमग्रंथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

करे चित्त का रोध जो, दे तत्त्वों का ज्ञान।
हो विशुद्ध निज आतमा, सो जिन शासन नाम ॥80॥

ओं ह्रीं ग्लौं तत्त्वबोधकजिनशासनरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन वच अमृत रूप है, जन्म जरा रुज हार।
विषय विरेचन दुखहरण, औषध सम गुणकार ॥81॥

ओं ह्रीं ग्लौं अमृत-औषधरूपजिनागमाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

महार्घ

द्वादशांग के सार को, जान रहे गुरुराय।
अंग बाह्य आचार को, धरते स्वान्त सुखाय ॥

ओं ह्रीं ग्लौं अंगबाह्यश्रुताय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुत पंचमी कथा यशोगान

(श्रुतावतारकथा)

दोहा

वर्द्धमान निर्वाण के, छह सौ चौदह वर्ष।
बीते जब धरसेन का, उदित समय जग हर्ष ॥

ज्ञानोदय छन्द

सौराष्ट्री गिरिनार नगर की, चन्द्र गुफा में रहते थे।
श्री धरसेनसूरि निज पर हित, जिनश्रुत चिन्तन करते थे ॥
एक देश अंगों पूर्वों के, अष्ट निमित्तों के ज्ञाता।
पंचाचारी प्रवचन वत्सल, हमें बचावें जग त्राता ॥1॥
अंग, गगन से, छिन्न, भौम से, लक्षण, व्यंजन से जानें।
स्वप्न स्वरों से सुख दुख जानें, उन्हें नमन हो सुख पानें।
यों अष्टांग निमित्त ज्ञान से, अल्प आयु निज की जानी।
अंग पूर्व के ज्ञान लोप की, चिन्ता व्यापी दुखदानी ॥2॥
उसी समय महिमा नगरी में, यतियों का सम्मेलन था।
दक्षिण पथ के अर्हद्बलि के, निर्देशन में मेलन था ॥
खत भेजा धरसेन स्वामि ने, और पढ़ा अर्हद्बलि ने।
सेन मनोगत ज्ञात हुए तब, स्वीकारा अर्हद्बलि ने ॥3॥
देश जाति से कुलाचार से, जो विशुद्ध शुभ भासित थे।
सकल कलाओं में पारंगत, मूलाचार सुवासित थे ॥
ऐसे दो मुनियों को गुरु से, जाने की आज्ञा मिलती।
गुरु आज्ञा के सुधा अशन से, मुनियों को तृप्ती मिलती ॥4॥
शास्त्र श्रवण में अर्थ ग्रहण में, धारण में जो कुशल रहे।
विविध भाँति की विनयभक्ति में, जिनके तन मन धवल रहे।
था निर्ग्रंथ निरम्बर जीवन, मुक्ति सुपथ पर गमन किया।
पुष्पदन्त मुनि भूतबली के, पद में युग ने नमन किया ॥5॥
निजी योग्यता को दृढ़ करने, गणी भाव अवगत करने।

पुनः त्रिबार पूछने पर मुनि, आज्ञा पा हरषे उर में।
आंध्र देश में बहने वाली, वेणा सरिता के तट से।
शीलहार से भूषित मुनि को, गमन कराते गुरु झट से ॥6॥
जिस दिन श्रीधरसेन पाद में, मुनि द्वय आने वाले थे।
प्रहर आखिरी निशि में देखे, वृषभ युगल मतवाले थे।
कुन्द पुष्प सम श्वेत शंख सम, इन्दु किरण सम रँग वाले।
त्रय प्रदक्षिणा करके बैठे, नमन किया शुभ अँग वाले ॥7॥
जागृत हुए स्वप्न फल जाना, हर्षित हो बोले धरसेन।
जयवंतो श्रुतवाग्देवता, जयवंतो हे जिनवर वैन।
तभी प्रात बेला में मुनि द्वय, आते सविनय शरणा में।
गुरु के पद में वंदन करके, विनत हुए द्वय चरणा में ॥8॥
मौनाशीष गणी से पाते, दो दिन सहज व्यतीत किये।
तीजे दिन फिर विनय भक्ति से, निजी मनोगत व्यक्त किये।
हे गुरुवर! हम दोनों मुनिजन, आप कार्य से आये हैं।
इतना सुन धरसेन सूरिवर, 'अच्छा' कह हर्षाये हैं ॥9॥
'अच्छा हित हो' इन शब्दों में, शुभ आशीष प्रदान किया।
श्रुत विद्या को प्रदान करने, श्रोताओं पर ध्यान दिया।
शैलघनी या भग्नघटी या, सर्प चालिनी मसक हिया।
तोता मेंढा महिष जोंक सम, माटी सम को ना व्याख्या ॥10॥
यदपि स्वप्न से उत्तम श्रोता, दोनों मुनियों को जाना।
अधम जनों को श्रुत देने से, भव भय बढ़ता दुख नाना।
शिष्य परीक्षा सुरीति से हो, हृदय तोष को करती है।
तब श्रुत विद्या शिव फल देती, भव दुःखों को हरती है ॥11॥
गुरु धरसेन सूरि श्रुतधर ने, विद्यायें मुनियों को दीं।
हीनाक्षरी एक मुनिवर को, अधिकाक्षरी अन्य को दी।
सिद्ध हुईं द्वय उपवासों से, विकृत रूप देवी देखी।
इक काणी दूजी दन्तुरिया, मंत्र शुद्ध कर शुभ लेखी ॥12॥
मुनियों ने आ हाल सुनाया, गुरु मन ही मन मुस्काते।

योग्य वार तिथि ग्रह मुहूर्त्त में, श्रुत वाचन कर सुख पाते।
सुदि अषाढ़ ग्यारस के दिन ज्यों, मौखिक आगम पूर्ण किया।
तभी भूतदेवों ने आकर, गुरु शिष्यों का अर्च किया ॥13॥
कुसुमावलि से बलि द्रव्यों से, शंख तूर्य शुभ वाद्यों से।
भूत-व्यन्तरों ने पूजा की, भक्ति गान के नादों से।
भूतों से अर्चित मुनिवर को, 'भूतबली' गुरु नाम दिया।
दन्त पंक्ति सुस्थित होने पर, 'पुष्पदन्त' गुरु नाम किया ॥14॥
उसी दिवस दोनों मुनियों को, विहार का संकेत दिया।
गुरु के वचन अलंघ्यनीय हैं, यह विचार कर गमन किया।
वर्षावास अंकलेश्वर में, करके अलग विहार किया।
पुष्पदन्त वनवासि देश को, भूतबली ने तमिल किया ॥15॥
पुष्पदन्त ने जिनपालित को, दीक्षा देकर योग्य किया।
सत्प्ररूपणा विंशति गर्भित, जिनपालित को पढ़ा दिया।
फिर जिनपाल सूत्र ले जाकर, भूतबली को दिखलाते।
पुष्पदन्त अल्पायु जान तब, शेष सूत्र खुद रच पाते ॥16॥
षट्खण्डागम श्रुत के कर्त्ता, श्री धरसेनाचार्य हुए।
पुस्तक में लिपिबद्ध किया तब, दोनों मुनिवर ख्यात हुए।
पुस्तक में आरूढ़ हुआ जब, बनी पंचमी श्रुतदानी।
चार संघ ने पूजा इसको, 'मृदुमति' पूजो सुखदानी ॥17॥

ओं ह्रीं द्वादशाङ्गगर्भितषट्खण्डागमग्रन्थराजाय पूर्णार्घं निर्वपा. स्वाहा।

जाप- ओं क्ष्वीं ब्लूं स्रूं ग्लौं श्री श्रुताय नमः।

आर्या छन्दः

ओं क्ष्वीं ब्लूं स्रूं ग्लौं श्री,-श्रुताय नमः पठेत् जपेत् च मन्त्रम्।
वर्द्धति बुद्धिः स्मृतिश्च, जपकर्त्ता बुद्धिमान् भवति ॥

●●●

पंच आचार्य कुन्दकुन्दादि अर्घ

कुन्दकुन्द आचार्य देव ने, श्रमण दिगम्बर संस्कृति दी,
समन्तभद्राचार्य देव ने, अनेकान्त की सुदृष्टि दी।

शान्तिसागराचार्य वंश में, ज्ञानसागराचार्य हुए,
फिर गणीश विद्यासागर ने, चार संघ निर्माण किए।
जिनमें शिष्य सुधासागर जी, मुनि निर्यापक श्रमण बने,
परम्परा श्रुत कर्त्ता वक्ता, इनके पद में नमन घने ॥

ओं ह्रीं आचार्यश्रीकुन्दकुन्दसमन्तभद्रशान्तिसागरजीज्ञानसागरजीविद्यासागरेभ्यो अर्घं निर्यापकश्रमणमुनिपुंगवश्रीसुधासागरजी मुनीन्द्राय अर्घं।

●●●

जिनागम आरती

(मातृका छन्द)

(तर्ज- आसरा इस जहाँ का मिले न मिले ....)

मात जिनभारती तत्त्व उर धारती,
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥ध्रुव॥
द्वादशांगों से रचना हुई मात की।
ज्ञान गंगा बहे आज जिन तात की ॥
औषधी बन जरा रोग संहारती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥1॥
पुष्पदन्तार्य मुनि भूतबलि ने लिखा।
सूरि धरसेन से ज्ञान जैसा लखा ॥
ज्ञान षट्खण्ड आगम हृदय धारती।
ज्येष्ठ सित पंचमी को लिखी भारती ॥2॥
पहले मौखिक पढ़ाते गणी भारती।
बुद्धि प्रक्षीण भय से लिखी भारती ॥
धन्य श्रुत पंचमी ग्रन्थ अवतारती।
पर्व श्रुत पंचमी को करें आरती ॥3॥
आपके हित वचन जो कभी ना सुने।
दु:ख के कारणों को कभी ना गुने ॥
शक्ति कर्मों की दुख दे उसे मारती।

आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥4॥
मोह निद्रा से जाग्रत करे मात ये।
वेदना में रखे ज्ञान का हाथ ये ॥
साम्य लोरी सुनाके हमें पालती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥5॥
मोक्ष पथ को दिखाने रही दर्पणा।
शांत रस को पिलाने नदी तर्पणा ॥
गिरते चारित्र गिरि से हमें थामती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥6॥
ज्ञानगंगा में अवगाहना जो करे।
कर्म के ताप के दुःख को वो हरे ॥
कर्म सेना उसे देख के हारती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥7॥
मात तेरे बिना दुःख सहते रहे।
कोई सुनता नहीं नित्य कहते रहे ॥
शक्ति देकर दुखों से मुझे तारती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥8॥
मित्र वैराग्य रहता सदा साथ में।
मात रखती अभय बीन निज हाथ में ॥
'मृदु' हृदय में बसे मात जिनभारती।
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥9॥
मात जिनभारती तत्त्व उर धारती,
आप्त वागीश्वरी की करें आरती ॥

श्रुत पंचमी पर्व गीत

तर्ज- छब्बीस सौ साल पहले................................।

धरसेन गुरु ने मुनि को, जिनागम पढ़ाया था-2।
लिपिबद्ध करके श्रुत का, महोत्सव मनाया था ॥ध्रुव॥
वीर सर्वज्ञ वाणी को, सभा ने सुनकर अवधारा,
श्रवण से प्राप्त आगम को, नाम श्रुत ग्रन्थ उच्चाराऽऽ।
लिपिबद्ध गणधरों से-2, मुनियों ने पाया था-2,
लिपिबद्ध करके.................................॥1॥

हुए बहु केवली श्रुतधर, वीर निर्वाण के पीछे,
हुए धरसेन तब श्रुतधर, छह सौ चौदह बरस बीतेऽऽ।
ऊर्जयन्त की गुफा में-2, ध्यान लगाया था-2,
लिपिबद्ध करके.................................॥2॥

सूरि इक देश अंगों के, उपांगों के हुए ज्ञाता,
कर्म की प्रकृति प्राभृत के, शास्त्र सिद्धान्त व्याख्याताऽ।
इन्हीं धरसेन गुरु ने-2, जिनागम सुनाया था-2,
लिपिबद्ध करके.................................॥3॥

स्वयं के अल्प जीवन को, सूरि धरसेन ने जाना,
जिनागम दान की चिन्ता, हृदय में व्यापती नाना।
महिमा नगर से गुरु ने-2, संघ को बुलाया था-2,
लिपिबद्ध करके.................................॥4॥

श्रमण द्वय आने वाले थे, सूरि ने स्वप्न शुभ देखा,
नम्र गोयुग प्रदक्षिण कर, चरण में बैठते देखा।
फिर भी परीक्षा करके-2, हृदय तोष पाया था-2,
लिपिबद्ध करके.................................॥5॥

सूरि धरसेन ने इक दिन, मास तिथि वार शुभ लखके,
जिनागम वाचना करके, दिया था ज्ञान श्रीमुख सेऽऽ।

आषाढ़ सित ग्यारस को-2, मौखिक सुनाया था-2,
लिपिबद्ध करके........................ ॥6 ॥

हुए संतुष्ट भूतों ने, वाचना के समापन पर,
वाद्य यंत्रों से पुष्पों से, सूरि श्रुत देव पूजन कर ऽऽ।
श्रुत शास्त्र सूरि मुनि का-2, गौरव बढ़ाया था-2,
लिपिबद्ध करके................................. ॥7 ॥

शीघ्र ही लिख सकें आगम, तभी जाने की आज्ञा दी,
उन्होंने चौमासे से लिख, ग्रन्थ की पूर्णता कर दीऽऽ।
सुदी ज्येष्ठ पंचमी का-2, स्वर्ण दिवस आया था-2,
लिपिबद्ध करके................................. ॥8 ॥

गुरु धरसेन की जय हो, शास्त्र श्रुत देव की जय हो,
भूतबलि आर्य की जय हो, पुष्पदन्तार्य की जय होऽऽ।
षट्खण्ड आगम लिख कर-2, जिनागम बचाया था-2,
लिपिबद्ध करके................................. ॥9 ॥

जीव सिद्धान्त है इसमें, कर्म सिद्धान्त है इसमें,
गणित आधार है इसमें, अर्थ विस्तार है इसमेंऽऽ।
मुनियों को ये जिनागम-2, पढ़ना बताया था-2,
लिपिबद्ध करके................................. ॥10 ॥

श्रमण संस्कृति शास्त्र सन्तति, अभी तक द्रय प्रमाणित है,
अहिंसा वीतरागी पथ, आचरित है अबाधित हैऽऽ।
वृषभदेव आदि जिन ने-2, यही सत्य गाया था-2,
लिपिबद्ध करके................ ॥11 ॥

ग्रीष्म उन्नीस अस्सी से, वाचना कर रहे गुरुवर,
सैंकड़ों विद्वानों के बीच, सूरि विद्याजलधि सागरऽऽ।
इसी वाचना का मंगल-2, मृदु स्वर ने गाया था-2,
लिपिबद्ध करके श्रुत का, महोत्सव मनाया था ॥12 ॥

●●●

जैनम्
जयतु
शासनम्

NEO
BLOCK & PRINTS
Since 1973

Computer Re-Setting by :

Jeetendra Patni
M. 98290 71922

23.05.2020